राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस (एनसीएससी)

यह एक अनूठा कार्यक्रम है जोकि बच्चों पर कार्य थोपने के बजाए व्यापक विषयों के तहत उनकी अभिरुचि के स्थानीय विशिष्ट कार्यों के प्रति वैज्ञानिक शोध करने के लिए प्रेरित करता है।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस (एनसीएससी) की शुरुआत नब्बे के दशक की शुरुआत में ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में एक प्रयोग के रूप में हुई थी, जिसमें बच्चों को समाज के लिए प्रासंगिक एवं मुक्त वैज्ञानिक परियोजनाओं में शामिल किया गया था। 1993 से यह एक राष्ट्रव्यापी गतिविधि बन गई। कांग्रेस का आयोजन एनसीएसटीसी-नेटवर्क, एक पंजीकृत सोसायटी द्वारा किया जाता है। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का प्राथमिक उद्देश्य 10-17 वर्ष की आयु के बच्चों को एक मंच उपलब्ध कराना है, चाहे वे औपचारिक स्कूल प्रणाली से हों या स्कूल से बाहर के, जहाँ वे अपनी रचनात्मकता और नवीनता का प्रदर्शन कर सकें और विशेष रूप से विज्ञान की पद्धति का उपयोग करके स्थानीय स्तर पर अनुभव की गई सामाजिक समस्या को हल करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकें। एनसीएससी 2023-24 हमारे विद्यालय में आयोजित किया गया था और विभिन्न उप विषयों के तहत चार परियोजनाओं को उच्च स्तर के लिए चुना गया था।